RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

माली सैनी सन्देश

वर्ष : 15 अंक :186 29 दिसबंर, 2020 मूल्य : 30/-प्रति

HAPPY NEW YEAR

2021

सूर्य संवेदना पुष्पैः, दीप्ति कारुण्यगंधने।
लब्ध्वा शुभम् नववर्षअस्मिन्
कुर्यात्सर्वस्य मंगलम्।।

जिस तरह सूर्य प्रकाश देता है,
संवेदना करुणा को जन्म देती है,
पुष्प सदैव महकता रहता है, उसी तरह
यह वर्ष २०२१ आपके लिए हर दिन,
हर पल के लिए मंगलमय हो।
जीवन पथ पर नव वर्ष २०२१ मान-सम्मान, यश,
कीर्ति, सुख शांति के साथ उन्नतिशील वर्ष हो।
यह वर्ष आपके जीवन मे आपार सुख,
समृद्धि और संपन्नता लेकर आये
इसी मंगलकामनाओ के साथ

नववर्ष २०२१

की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें

श्रद्धांजली

समाज गौरव माली सैनी समाज कर्नाटक के अध्यक्ष

श्रीमान हुक्मीचंद भाटी

के निधन पर हम सभी दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि एवं परिवार जन के प्रति संवेदना व्यक्त करते है.
ईश्वर भाटी जी को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की कृपा करें।
हरि इच्छा प्रबल आदरणीय भाटी साहब बहुत ही नेक ईमानदार और समाज के हर वर्ग के आदमी को साथ लेकर चलते थे इसके लिए हमेशा माली सैनी समाज कर्नाटका के अंदर आपका नाम आदर पूर्वक लिया जाएगा।

समाज गौरव बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, बोकारो पूर्व विधायक एवं झारखंड कुशवाहा महासभा के संरक्षक

माननीय श्रीमान अकलूराम महतो

के निधन से संपूर्ण झारखंड, बिहार, यूपी सहित समस्त भारत के चाहने वाले लोग मर्माहत है।
ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे व परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री

माननीय श्रीमान सतीश प्रसाद कुशवाहा

के निधन पर हम सभी दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि एवं परिवार जन के प्रति संवेदना व्यक्त करते है.
परमपिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

रामलाल की अयोध्या में बलिदान देने वाले कारसेवक और श्रीराम भक्त अमर शहीद

श्री सेठाराम परिहार मथानियां

की पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन। हमें आप पर गर्व है।
आपने अपना जीवन सनातन धर्म और प्रभु श्रीराम के लिए समर्पित कर अमर किया है।

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

माली सैनी सन्देश

• वर्ष : 15 • अंक 185-186 • 29 दिसम्बर (संयुक्तांक), 2020 • • मूल्य : 30/-प्रति •

माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय माननीय संरक्षक सदस्यगण

श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम जोधपुर)

श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला
(समाजसेवी / भामाशाह)

श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी
(उद्योगपति / समाजसेवी)

श्रीमान नरपतसिंह सांखला
(बिल्डर्स / समाजसेवी)

श्रीमान नेमीचंद गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान पुखराज सांखला
(अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर)

श्रीमान ब्रह्मसिंह चौहान
(जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा
(उद्योगपति)

श्रीमान भगवानसिंह गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान सुरेश सैनी
(समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा
(हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)

श्रीमान संपतसिंह कच्छवाहा
(शिक्षाविद / समाजसेवी)

श्रीमान इंद्रसिंह सांखला
(समाजसेवी)

श्रीमान नरेश सांखला
(कॉन्ट्रेक्टर / समाजसेवी)

श्रीमान प्रवीण सिंह परिहार
(बिल्डर / उद्यागपति)

श्रीमान रामेश्वरलाल कच्छवाहा
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) पवन परिहार
(शिशु रोग विशेषज्ञ, पावटा स्टेलाईट)

श्रीमान प्रीतम गहलोत
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान आर.पी. सिंह परिहार
(उद्योगपति/समाजसेवी)

श्रीमान बंशीलाल सैनी
(व्यवसायी/समाजसेवी)

सी.ए. श्रीमान महेश गहलोत
(उद्योगपति/समाजसेवी)

श्रीमान आदित्य सिंह गहलोत
(युवा राजनेता/समाजसेवी)

श्रीमान चन्द्रसिंह देवड़ा
(समाजसेवी/उद्योगपति)

संपादक की कलम से...

जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार। समाज सेवा है बड़ी लाभकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।।

हमारे जीवन की महानता इसी में है कि सब मिलकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें। बीते समय की, त्रुटियों की चर्चा कोई लाभादायक नहीं है। अब तो हमारी होशियारी और समझदारी इमी में है कि वर्तमान एवं भविष्य की सामाजिक प्रगति तथा सुव्यवस्था पर ध्यान दें एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।

सर्वप्रथम समाज के प्रति हीन भावना को समाप्त करें। हम माली सैनी है तो श्रेष्ठ है, हमें फिर पश्चाताप किस बात का? क्या सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, भगवान बुद्व, महाराज शूरसेन, महान संत अजनेश्वर जी महाराज, संत शिरोमणि लिखमोजी महाराज, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योति बा फूले, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले जैसे विश्व प्रसिद्ध मानव धर्म के हितेषी किसी से कम थे। हमारे जाति शब्द उच्चारण एवं संस्कृति में सेवा भाव, सरल स्वभाव, स्वावलम्बन, मानवता, प्रभु भक्ति और कल्याणकारी नीति समाहित है। इन्हीं सदगुणों को लेकर हमारा समाज के सभी वर्ग हमसे कई अपेक्षाए रखते है, हम मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए और महात्मा फूले की शिक्षा के अनुरूप व्यवहारिक जीवन से समजा का चहुँमुखी विकास करें। सामाजिक समरसता की भावना से सहयोग, भाईचारा, सुख शांति और सज्जनता का मार्ग अपनाएँ।

समाज में नासमझ, अशिक्षित, अहंकारी, झूठे लोग समाज के प्रति उपेक्षा की भावनाओं से ग्रस्त है। मतलब सिद्ध करना और लोगों को गुमराह करके समाज की एकता में फूट डालना ही उपेक्षावृति कहलाती है। उपेक्षावृति के लोगों में नीति, धर्म और सदाचार के गुणों का आभाव होता है। यही वजह है कि हम समाजोत्थान का सपना पूरा नहीं कर पा रहे हैं। हमारे समाज की अपेक्षाएं है कि दूरदर्शिता एवं पारदर्शिता, परस्पर विश्वास और ईमानदारी से समस्याओं का निदान खोजें शिक्षा का प्रसार हो, व्यसायिक प्रगति हो, सामाजिक कुरीतियाँ मिटे और हर परिवार सुख-शांति का जीवन निर्वाह करें। लेकिन उपेक्षा की नीति रखने वाले समाज सेवी टाँग खिचाई में पीछे रहते। परिणाम यह होता है कि सब आशाएँ निराशा में बदल जाती है।

समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए और भावी पीढ़ी के सुख के लिए निर्धारित अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए हमें खरा उतरना चाहिए। विडम्बना यह है कि आज सज्जनों और सेवाभावी लोगों का उपहास किया जाता है और दुर्जनों को शाबासी दी जाती है तथा उन्हें ही बुद्धिमान माना जाता है। देखा जाता है कि उपेक्षावृति के कई बंधु स्वयं का समाज का कर्त्ता धर्त्ता बतलाते पर स्वयं के स्वार्थ सिद्ध के अलावा कुछ नहीं करते है। यही लोगों को दोहरी नीति समाज को खाए जा रही है। उपेक्षा वृति का त्याग करके सभी लोग समाज की रीति निति एवं हमारे पूर्वजों के आदर्शों का पालन करं तो सामाजिक जीवन का आनंद ही आ जाए। हम सामाजिक प्राणी है, समाज की मर्यादित व्यवहार जीवन शैली के अनुसार चलें। कुरीतियों का त्याग करें, बुरे आचरण का त्याग करें ताकि समाज की पवित्रता में चार चाँद लग जाए। सद्वृतियों की उपेक्षा करने का अर्थ है अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना। दरअसल सर्वे एवं सम्पर्क इस बात को उजागर करते है कि सामाजिक चिंतन के लिए अच्छे लोगों का प्रतिशत कम है। लोग अधिकाश रूप से आर्थिक होड़ में आगे बढ़ने के प्रयास में है। कतिपय समाज सेवी न तो किसी को आगे बढ़ने देते है न ही किसी और को आगे बढ़ते देखना पंसद करते है। खैर जो जैसे भी है हमारे समाज के है हम यही कामना करते है कि प्रभु उनको सद्वबुद्धि प्रदान करें तथा वे समाज की एकता एवं संगठन के लिए सबको साथ लेकर चले। प्रेम और आत्मीयता के साथ परिस्थितियों को समझे, विचारवान बने और सबके कल्याण के लिए कार्य करें।

निष्कर्ष यह है क हमारे मन में सेवा का आधार जितना निःस्वार्थ होगा, उतना ही अधिक समाज के लोगों की आत्म चेतना में निखार आएगा। हमारे अहं को दरकिनार करके परहित की भावना ग्रहण करें। समाज गंगा की पतित पावनी धारा में प्रवेश करके हम अपने आपको स्वच्छ, शीतल और पवित्र करें तथा स्वेच्छा भाव से समाज सेवा करे तथा सभी वर्गों को साथ में लेकर समाज का उत्थान करने का कार्य करें, अन्यथा समाज के भीतर कतिपय समाज सेवी बंधुओं के प्रति जो नाराजगी है वो सार्वजनिक होने पर उनके स्वयं के लिए भविष्य कष्टकारी होगा।

यही कटु सत्य भी है।

सामाजिक अपेक्षाओं की नहीं करें उपेक्षा...

मनीष गहलोत
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

देषभर में महात्मा ज्योति बा फूले की १३०वीं पुण्यतिथी पर सेवा के आयोजनों के साथ पुश्पाजंलि अर्पित कर दी गई श्रद्वाजंलि

महात्मा ज्योति बा फूले की 130वीं पुण्यतिथि पर देश भर में सामाजिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं ने विभिन्न सेवा के आयोजन कर दी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने गरीबों एवं पिछड़ों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिये जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिये शिक्षा का मूलमंत्र दिया, जिससे कमजोर, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी सहभागिता निभा सकें। महात्मा फूले ने छूआछूत, जातिप्रथा एवं पर्दाप्रथा जैसी कुरीतियों के विरूद्ध संगठित एवं शिक्षित समाज की स्थापना की अभिनव पहल की थी। हम समाज से कुरीतियों को दूर करने एवं अशिक्षा के अंधियारे को मिटाते हुए एक विकसित एवं समृद्वशाली राष्ट्र का निर्माण करने में सहभागिता निभायें। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले जी की पुण्यतिथि पर सादर नमन करता हूं।

जोधपुर में माली सैनी समाज सेवा संस्थान एवं महात्मा फूले अम्बेडकर मिशन द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले पार्क में श्रद्धाजंलि सभा में राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, नगर निगम उत्तर महापौर श्रीमती कुंती परिहार एवं दक्षिण महापौर विनिता सेठ सहित सर्व समाज के प्रबुद्वजनों एवं समाज बंधुओं ने महात्मा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योति बा फूले ने आज से 200 वर्ष पूर्व धार्मिक पाखण्ड के साथ ही शोषित वर्ग, मजदूरों के लोक कल्याण एवं उत्थान के जो कार्य किए उनके सेवा कार्यों से सीख ले हम आत्मसात करें यहीं महान आत्मा को सच्ची श्रद्वांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि महात्मा फूले ने अपना पूरा जीवन सामाजिक जागृति के लिए समर्पित किया यहीं नहीं शिक्षा, ज्ञान सृजन, कौशल निर्माण, नारी समानता, जातीयता, संसाधनों का पुनर्विंतरण, चिकित्सा विज्ञान और अंतरजातीय विवाह जैसे कार्यक्रमों के आधार पर आधुनिक भारत की नींव के लिए कार्य किया। आज हम सभी महान आत्मा को श्रद्वांजलि अर्पित कर उनके बताएं आदर्शों पर प्रतिपल चलने का संकल्प करें। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुंती परिहार ने महात्मा फूले के द्वारा नारी शिक्षा के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए बताया कि उस जमाने में जहां महिला शिक्षा वर्जित थी महात्मा फूले ने न केवल अपनी पत्नी सावित्री बाई को शिक्षित किया उन्हें भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनने का गौरव भी मिला। हम सभी उनकी जीवन को पढकर उनके द्वारा मानव कल्याण के किए कार्यों से सीख ले।

संस्था के अध्यक्ष मनीष गहलोत ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पूर्व महात्मा ज्योति बा फूले ने विषम परिस्थितियों में पिछड़ों, दलितों को शिक्षा एवं न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया और अपनी धर्मपत्नी को शिक्षित कर भारत की प्रथम महिला अध्यापिका बनाने का गौरवशाली कार्य किया। महात्मा फूले ने उस जमाने में नारी को शिक्षित करने एवं छूत अछूत मिटाने के लिए शूद्रों अतिशूद्रों के लिए अनेकों ऐसे कार्य किए जो आज भी याद किए जाते है उन्होंने न केवल शिक्षा, विधवा विवाह करवाया, देवदासी प्रथा, नारी मुक्ति जैसे अनेकों अनेक कार्य किए। हम उनके आदर्शों को अपना कर असली मानवता का जीवन जी सकते है।

माली सैनी समाज सेवा संस्थान के सचिव जगदीश देवड़ा ने बताया कि आज महात्मा फूले की 130वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व भाजपा नेता नरेन्द्र कच्छवाहा, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा प्रेमचंद सांखला, शिक्षाविद् ब्रजसिंह गहलोत, पूर्व पार्षद अरविंद गहलोत, पार्षद मयंक देवड़ा, पार्षद भैरूसिंह परिहार, पार्षद रणजीत सिंह परिहार, माली संस्थान मंत्री नरेन्द्र परिहार, फूले समता परिषद् के साहिबराम गहलोत, सुमेर स्कूल निदेशक मण्डल के प्रदीप परिहार, फूले अम्बेडकर मिशन चेतन नवल, बी. आर. बंशीवाल दलपत पी., श्रीमती मधु सांखला, रविन्द सहित अनेकों प्रबुद्वजन एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ ही राजनेताओं एवं आमजन ने उपस्थित हो महात्मा फूले का श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर फूले अम्बेडकर मिशन एवं माली सैनी समाज सेवा संस्थान द्वारा महात्मा फूले की जीवनी के 5000 मल्टीकलर पपत्रों का वितरण सर्व समाज में किया गया। जिसका विमोचन पूर्व में नगर निगम जोधपुर उत्तर की महापौर कुंती परिहार ने किया था।

इसी प्रकार धोवड़ा में माली समाज के नौहरे में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमे बच्चो को पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई इस दौरान जिला शिक्षा सलाहकार राजेन्द्र सैनी, हिंडोली तहसील सचिव रामदयाल सैनी, पंचायत अध्यक्ष पंकज सुमन, शीला सैनी, ओमप्रकाश, घनश्याम नरेन्द्र सुमन आदि मोजूद थे। जजावर मे मालियो के बरडे पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया तथा गौवंश

को हरा चारा डाला गया इस दौरान पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, नरेश कुमार सैनी, लोकेश सैनी, मुकेश सैनी, खुशबू सैनी मौजूद रहे।

शासकीय चिकित्सालय आलोट में महात्मा ज्योतिबा फुले की 130 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण कर मरीजो को फल दूध वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि भाजपा नेता उपेंद्र सिंह यादव, पार्षद नागेश खारोल, संजीवनी हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर दांगी, आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विनोद माली ने बताया कि महात्मा फूले ने गरीब व दलितों के लिए शिक्षा की क्रांति लाने का कार्य किया। पढ़ने का अधिकार दिलाया एवं सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। इस अवसर पर एयू बैंक आलोट के मैनेजर श्री जायसवाल द्वारा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कई समाज सेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश प्रजापत ने किया। आभार कमलेश डमरवाल ने व्यक्त किया।

आज महात्मा ज्योतिबा फूले की 130 वी पुण्यतिथि पर मुहाना मंडी जयपुर में हुए पुष्पांजलि का कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा फुले है राष्ट्र समाज सुधारक है मुहाना सब्जी मंडी अधयक्ष राहुल तवंर ने बताया कि मंडी के किसान मजदूर और व्यापारियों द्वारा दी गयी पुष्पांजलि कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग और कोरोना गाइड लाइन का रखा गया पूरा ध्यान। मंडी परिसर मे आने वाले व्यक्तियों को मास्क वितरण किया गया। महात्मा फूले के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। महात्मा फूले को भारत रत्न से समानित किया जाने की मांग भी केन्द्र सरकार से की गई। इस अवसर पर राजस्थान माली महासभा के अध्यक्ष छुटटन लाल सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने किसानो व शोषित वंचित पिछड़े वर्ग को आगे लाने का कार्य किया था उन्होंने महिला शिक्षा पर जोर दिया जब हमारा देश मे कूरूतियो चरम सीमा मे फैली हुयी थी तब महात्मा फूले ने इन अन्धविश्वासों के खिलाफ जमकर आवाज उठायी तथा इन कुरीतियों का विरोध किया। इस अवसर पर वार्ड 91 से पार्षद आशीष परेवा, सागर मावर, सुरेश चौहान, इमरान कुरैशी, इंद सैनी, विक्की मावर, सुरेन्द्र सैनी, रमेश सैनी, जतिन सैनी, रितेश सैनी, प्रधान सैनी, गोविन्द सैनी आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

टोंक। शिक्षा क्रांति के अग्रदूत, महामानव, दलितों के मसीहा, सत्य शोधक समाज के संस्थापक, एक महान विचारक, समाज सेवी, लेखक, दार्शनिक, तथा क्रांतिकारी कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फूले की 130वीं पुण्यतिथि महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रावास महादेव वाली टोंक में माली समाज के सभी राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी द्वारा मनाई गई।

महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि पर वहां उपस्थित माली (सैनी) समाज के लोगों को महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवनी पर एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में प्रकाश डालते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक सैनी भादरा ने कहा कि समाज सुधारक एवं सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फूले 19वीं सदी के प्रमुख समाज सेवक माने जाते है। ज्योतिबा फूले संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के भी गुरु थे। महात्मा ज्योतिबा फूले और माता सावित्री बाई फूले ने मानव समाज में फैली कुरीतियों का विरोध करते हुये जो संघर्ष किया उसे समाज और देश कभी नहीं भूलेगा, आज उन्हीं की बदौलत है जो देश में नारी को शिक्षा का अधिकार और सम्मान मिला है। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फूले के द्वारा दलितों और शूद्र के सम्मान के लिए जो संघर्ष किया हैं वो सभी जानते हैं। माली (सैनी) समाज पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने सत्य शोधक समाज नामक संगठन की स्थापना की। सत्य शोधक समाज उस समय के अन्य संगठनो से अपने सिद्धांतो व कार्यक्रमो के कारण भिन्न था। सत्य शोधक समाज पूरे महाराष्ट्र में शीघ्र ही फैल गया, सत्य शोधक समाज के लोगो ने जगह-जगह दलितों और लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूल खोले, छुआ-छूत का विरोध किया और किसानों के हितों की रक्षा के लिए आन्दोलन चलाया। ऐसे महान संत और दलितों के अधिकारों की लड़ाई लडने वाले मसीहा ज्योतिबा फूले को भारत रत्न नहीं दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक सैनी भादरा, माली समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महात्मा फूले ब्रिगेड व प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्ध रजि. ऋ पूर्वी राजस्थान रमेश चन्द सैनी रहमानदिया, पार्षद राहुल सैनी, माली समाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामअवतार टांक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणु भाटी, पूर्व टोंक तहसील अध्यक्ष माली समाज मोहन बागड़ी, राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड जिला उपाध्यक्ष अजय सांखला, राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड जिला प्रवक्ता सुनीता सैनी, गौरव सैनी, हनुमान सैनी, विष्णु सैनी, नवरत्न सैनी, छात्रावास अध्यक्ष रमेश बागड़ी सहित उपस्थित सभी समाज बंधुओं द्वारा दीप प्रजवलित व पुष्प अर्पित कर एवं माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गइ। इस अवसर पर छात्रावास परिसर महात्मा ज्योतिबा फूले अमर रहे.., और मां सावित्रीबाई फूले अमर रहे.., के नारों से गुंज उठा। इस दौरान अशोक सैनी भादरा के हाथों पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

झुंझुनूं। राष्ट्रीय सैनी सभा की ओर से रामानुजन संस्थान में शनिवार को महात्मा फूले की 130वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य वक्ता डॉ महेश सैनी थे। फूले विकास संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंगोदिया ने कहा कि महाराष्ट्र की तर्ज पर राजस्थान विधान सभा में भी युग पुरूष महात्मा फूले की प्रतिमा की स्थपना की जाएं।

राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायधीश श्री देवेन्द्र कच्छवाहा ने माली सैनी संदेश के नव वर्ष 2021 के कलैण्डर का किया विमोचन

जोधपुर। माली समाज के नव वर्ष 2021 के कैलेण्डर का विमोचन राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाहा ने किया उन्होंने पिछले 15 वर्षों से निरंतर प्रकाशित किए जा रहे कैलेण्डर के लिए माली सैनी संदेश पत्रिका के संपादक को बधाई प्रेषित करते हुए मल्टीकलर कलैण्डर में सरकारी धार्मिक छुट्टियों के साथ ही हिन्दुओं के मुख्य त्यौहारों एवं तिथियों के समावेश को प्रकाशन करने पर कलैण्डर की उपयोगिता हर घर में होने की बात कही। जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाहा ने कहा कि हर वर्ष पिछले 15 सालों से कैलेण्डर का प्रकाशन कर नि:शुल्क देश भर में उपलब्ध करवाना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य है। माली सैनी संदेश का प्रकाशन विगत 15 वर्षों से हो रहा है तथा पत्रिका 8 पेज से आज 24 पेज की हो गई है और अब तो पूरी पत्रिका मल्टीकलर में प्रकाशित होती है जिसमें समाज की न्यूजें के अलावा, समाज के उद्योगपतियों, राजपत्रित अधिकारियों, खेल प्रतिभाओं, युवओं, सामाजिक, धार्मिक, राजनीति एवं समाज से संबधित अन्य समाचारों का विस्तृत समावेश किया जाता है तथा यह माली सैनी समाज की एक मात्र ई-पत्रिका है इसके लिए पत्रिका संपादक मण्डल का अभिनंदन आभार। माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत ने कहा कि हर वर्ष देश भर में रह रहे माली सैनी समाज के सुदूर बैठे समाज बंधुओं को कैलेण्डर को लेकर दिपावली से ही उत्साह रहता है तथा इसके लिए फोन आने शुरू हो जाते है यहीं नहीं हर वर्ष कैलेण्डर में सहयोग करने वाले सभी विज्ञापन दाताओं भी हमें निरंतर सहयोग करते है जिसके लिए विशेष रूप से चंद्रा फर्नीचर्स डॉट कॉम के जितेन्द्र कच्छवाहा,

सावित्री बिस्तर भण्डार के अरविंद परिहार के साथ ही इस वर्ष मुल्तान स्वीट्स ओर कृष्णा ज्वैलर्स के युवा श्रवण सोलंकी व वासुदेव सोलंकी का भी योगदान रहा है यह मल्टीकलर कैलेण्डर 20 दिसबंर से 30 दिसबंर के बीच देशभर में भेजे जाते है। इस अवसर पर सी. ए. महेश गहलोत एवं पत्रिका के प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा भी उपस्थित थे। पत्रिका परिवार की ओर से जस्टिस देवेन्द्र कच्छवाहा को महात्मा फूले सावित्री बाई फूले का चित्र भेंट किया गया।

कर्मयोगी भगवान सिंह परिहार की 5वीं पुण्य तिथि पर श्रमदान एवं सैण्टाइजर वितरित कर श्रद्धांजलि अर्पित की

जोधपुर। समाज रत्न कर्मयोगी स्वर्गीय श्रीमान भगवान सिंह परिहार की पाचवीं पुण्यतिथि पर माली सैनी समाज सेवा समिति द्वारा भगवान सिंह परिहार की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही समिति द्वारा आस्था में रह रहे बुजुर्गों एवं नवजीवन संस्थान के नन्हें मुन्हें बालक बालिकाओं के लिए 100 सेण्टिाइजर भेंट किए। इसके साथ ही सुबह यंग ब्लड की टीम ने भदवासिया रामसागर चौराहे पर आदरणीय बाऊजी के मार्ग पर श्रमदान कर नाम पट्टिका के आस पास फैली गंदगी एवं क्षेत्र में सफाई अभियान कर बाऊजी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। यंग ब्लड के युवा समाजसेवी आदित्य सिंह गहलोत ने कहा कि मार्ग का नामकरण निगम द्वारा किया गया लेकिन आज बाऊजी की पुण्य तिथि पर किसी प्रकार की साफ सफाई नहीं की गई न ही मार्ग पट्टिका की साफ सफाई की गई। उन्होंने प्रशासन एवं नगर निगम से अपील की कि उनकी प्रतिमा स्थापित कर युग पुरूष को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। अन्यथा यंग ब्लड सेवा समिति की टीम अपने स्तर पर मूर्ति की स्थापना करेगी। इस अवसर पर माली सैनी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष गहलोत ने कहा कि आज समाज रत्न भगवान सिंह परिहार बाऊजी हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनके मानव हितार्थ किये गये कार्यों से आज के युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। आज भी जोधपुर ही नहीं जोधपुर के बाहर से भी जब कोई लावारिस लड़का/लड़की लवकुश में लाया जाता है तो धूमधाम से उसका नामकरण करने के साथ ही उसका लालन पालन कर उसे शिक्षित किया जाता है तथा यहां पली लड़कियों का विवाह भी धूमधाम से किया जाता है इसके साथ ही भगवान सिंह परिहार द्वारा उपेक्षित बुजुर्गों का जो सहारा आस्था वृद्धाश्रम में दिया जाता है वहां आकर बुर्जग दंपति अपने सारे दुख दर्द भूल जाते है। उनको घर में मिलने वाली सभी सुविधाऐं यहां दी जाती है अब जब श्री भगवान सिंह परिहार हमारे बीच नहीं रहे फिर भी यह सभी कार्य निर्विघ्न रूप से उनके जेयेष्ठ पुत्र राजेन्द्र परिहार दोनों संस्थाओं में अपनी सेवाऐं प्रदान कर रहे है। आल इण्डिया माली सैनी समाज के राष्ट्रीय सचिव धर्मेन्द्र सांखला ने कहा कि हमें आदरणीय बाऊजी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सेवा के कार्यों के लिए आगे आना चाहिए और आज के दिन किसी एक सेवा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर लायंस क्लब जोधपुर मातृशक्ति क्षेत्रीय अध्यक्ष कुसुमलता परिहार क्लब एलसीआईएफ को कोअर्डिनेटर ने सेवा का संकल्प ले उसे आत्मसात करने की बात कही। इस अवसर युवा समाजसेवी विनीत भाटी, महेश गहलोत, शेखर, भरत, अभिषेक, दिपक, मनीष, गोपाल, दिनेश,बसंल, आर्यन विशाल एवं चन्द्रसिंह सहित सहित अनेकों युवाओं ने श्रमदान कर बाउजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज बरसी

उत्सव बना सादगी से

नागौर। संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर के तत्वावधान में कोरोना योद्धाओं का अभिनंदन व सम्मान किया गया। स्मारक व देवमंदिर के चतुर्थ पाटोत्सव के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

मसूरिया , जोधपुर के रामस्नेही संत रामरतन महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत द्वारा की गई। इस अवसर पर संस्थान महामंत्री राधाकिशन तंवर, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, नथमल गहलोत, चेनार के पूर्व सरपंच खींवसिंह सोलंकी, रामजीवण तंवर, रामकुमार भाटी मंचस्थ थे।

सैनिक क्षत्रिय माली समाज के कार्यकर्ता बालकिशन भाटी ने बताया कि इन योद्धाओं का किया सम्मान कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के डॉ. हरवीर सांगवा, डॉ. नरेंद्र पंवार, डॉ. कैलाश ताडा, डॉ. हरेंद्र भाकल तथा बबीता माथुर, महेंद्र राठी, सुनील कुमार लखारा का प्रशस्ति पत्र, बेग देकर व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

इसी प्रकार खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महेंद्र सिंह मीणा , डॉ. शादाब अली, डॉ. राजेश दैया, डॉ. मो. मुस्लिम, डॉ. लोकेश कुमारी, डॉ. मनीषा सैन, डॉ. मनफूल पूनिया, डॉ. भाग्यश्री, डॉ. इंदु त्रिपाठी, डॉ. हुक्माराम, डॉ प्रहलाद, डॉ. रामसुख का भी स्वागत किया गया। संस्थान द्वारा आमंत्रित अतिथियों के माध्यम से महेंद्र सिंह सिंवर, भंवर सिंह, प्रेम प्रकाश पंडित, पन्नाराम गोदारा, लुंबाराम, मनोज व्यास, हरीश चौधरी, रामनिवास भाटी, राजेश पाटनी 108 मैनेजर, दीपक परिहार का भी स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में गहलोत ने कहा कि इस विषम परिस्थितियों में सभी लोगों के द्वारा संयम का परिचय दिया जाना आवश्यक है। 2 गज की दूरी के साथ-साथ बार-बार साबुन से हाथ धोना या सेनेटाइजर करना भी ध्यान रखने की बात है। जब तक तो वैक्सीन सभी के पास नहीं पहुंचती है तब तक सामूहिक रूप से सभी जनमानस द्वारा स्वयं को सुरक्षित रखना परिवार, समाज व देश के लिए भी जरूरी है। अपने आशीर्वचन में संत राम रतन महाराज ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रपति तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी जो कोरोना की विभीषिका में ध्यान रखने योग्य बातें हैं उसका बार-बार आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तों के द्वारा जो कर्म किए जाते हैं उसी कर्म के माध्यम से उसके प्रतिफल का आदान-प्रदान किया करते हैं। इसलिए मन में महापुरुषों की श्रेष्ठ बातें ध्यान में रखकर विषम परिस्थितियों के साथ -साथ सामान्य परिस्थितियों में भी भगवत भक्ति तथा सेवा कार्य को नहीं भूलना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. मीणा ने भी इस विषम परिस्थितियों में ध्यान रखने योग्य बातें तथा चिकित्सा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देशों की जानकारी दी। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. हरेंद्र भाकल ने योग, प्राणायाम व नित्य प्रति लिए जाने वाले काढ़े के बारे में जानकारी दें ताकि आम व्यक्ति अपनी शारीरिक, मानसिक रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम में दौलत भाटी, दीपक गहलोत, जगदीश सोलंकी, बजरंग सांखला, मांगीलाल गहलोत, मोहनसिंह भाटी, मघाराम मेघवाल, जसवन्त गहलोत, चेतन गहलोत भीनमाल उपस्थित थे।

संस्थान के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ पाटोत्सव के अवसर पर यज्ञ अनुष्ठान भी हुआ जिसमें श्रीमती संतोष सोलंकी व कमल सोलंकी तथा भगवती सोलंकी तथा कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र सोलंकी यजमान के रूप में विराजमान थे। कार्यक्रम में चेनार के पूर्व सरपंच खींवसिंह सोलंकी द्वारा संस्थान परिसर में यज्ञशाला निर्माण की घोषणा की गई।

सार्वजनिक नि:शुल्क जिम का उद्घाटन

नागौर। संत शिरोमणि श्रीलिखमीदास जी महाराज पार्क, ताऊसर में जिम का लोकार्पण किया गया। ताऊसर स्थित पार्क में जिम के द्वारा ग्रामीण अपने स्वास्थ्य में सुधार के लिए तथा प्रात: भ्रमण के साथ ही जिम के द्वारा कसरत भी कर सकेंगे। यह व्यवस्था पार्क में पूर्णतया नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। इस जिम का लोकार्पण संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर के सहमंत्री व भामाशाह हरीशचंद देवड़ा के मार्गदर्शन में तथा रामलाल टाक की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन श्रीमती सुशीला सांखला द्वारा किया गया।

सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान, नागौर के पूर्व मंत्री रामनिवास सांखला की स्मृति में जिम का निर्माण महेश, डॉ. रामस्वरूप व गोपीचंद सांखला के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर रामजीत टाक, हंसराज पंवार, ताऊसर के पूर्व सरपंच आसाराम भाटी, गोपीकिशन पंवार, ओमप्रकाश पंवार, दामोदर, राजेश भाटी, राजेंद्र भाटी, लायंस क्लब के अध्यक्ष व अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सदस्य कृपाराम भाटी व हुलास देवड़ा भी उपस्थित थे। जिम में सिंगल स्काई वालकर, सीटेड पूलर, सोल्जर बिल्डर, डबल ट्विस्टर स्टैंडिंग, एयरवाल्कर, क्रोस ट्रेनर, चेस्ट प्रेस, आर्म एंड पेडल बाइक एवं हौर्स राइडर जैसे आधुनिक तकनीक वाले कसरत के साधन लगाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि ताऊसर के ग्रामीणों द्वारा जन सहयोग से पार्क का निर्माण किया गया है जिनमें विभिन्न सुविधाएं भामाशाहों के सहयोग से उपलब्ध करवाई गई है जिसमें ट्यूबवेल, प्याऊ, प्रवेश द्वार, भ्रमण पथ सहित अनेक भौतिक सुविधाएं शामिल है। पार्क में विभिन्न फल, फूल, छायादार तथा औषधीय पौधे लगाए गए हैं।

गुरूद्वारा श्री गूरू रामदास सत्संग सभा,रामगंज,अजमेर प्रबंधन कमेटी द्वारा

गड्डी मालियान श्मशान समिति के अध्यक्ष नेमीचंद बबेरवाल का कोरोना वारियर्स के रूप मे सम्मानित

अजमेर। सिख समुदाय के गुरूद्वारा श्री गूरू रामदास सत्संग सभा, रामगंज कमेटी द्वारा माली समाज की गड्डी मालियान श्मशान समिति के अध्यक्ष नेमीचंद बबेरवाल का ''कोरोना वारियर्स'' के रूप मे सम्मान किया। गुरूद्वारा कमेटी द्वारा श्मशान मे किये जा रहे जनसेवा कार्यो से प्रभावित हो कर रामगंज, अजमेर स्थित गुरूद्वारा मे सस्मान से बुलाकर माला पहनकर, मोमेंटो देकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रबंधन कमेटी के सभी सदस्यों ने एक साथ एक स्वर मे उदघोष की सस्सिया काल, बोले सो निहाल..,वाहे गुरू का खालसा..,वाहे गुरू की फतह..।

वैश्विक कोरोना महामारी मे जहाँ दुसरे श्मशानो मे संक्रमित शवो का दाह-संस्कार नहीं करने दे रहे थे वही गड्डी मालियान श्मशान मे उन्होंने हिन्दू संस्कृति के अनुसार रिती-रिवाज से दाह-संस्कार करवाये। इस विपत्ति की घडी मे पुरा परिवार क्वारणटाईम मे रहने की वजह सेअस्थियो को सुरक्षित रखने की पुरी व्यवस्था करने तथा हिन्दू धर्म मे तिये, उठावने से लेकर ग्यारहवें, बारवे, तेरहवीं की रस्में की सारी व्यवस्था करवा कर मानवधर्म निभा रहे हैं। एक फोन पर अर्थी का सम्पूर्ण सामान बताये गये पते पर पहुंचाना, नि:शुल्क शव-वाहन उपलब्ध करवाना, डिप-फ्रिज की नि:शुल्क व्यवस्था, सुखी लकड़ियों की तुरन्त व्यवस्था करना गड्डी मालियान श्मशान की पहचान बन गयी हैं। लॉकडाऊन से लेकर आज तक निरन्तर निस्वार्थ रूप से सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा प्रशासनिक गाईड लाईन की पालना करते हुये नो मस्क-नो एन्ट्री, दो गज की दुरी, सैनीटाइजर, साबुन से हाथ धुलवाने की सारी व्यवस्था हैं।इस मानवसेवा मे भोलु बबेरवाल, ईश्वर टांक, रमेशचंद कच्छावा, श्यामलाल तंवर, प्रदीप कच्छावाह इत्यादि बराबर सहयोग दे रहे है।

सम्मान समारोह के इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सरदार बलवीरसिंह हुन्जन, सचिव जगजीत सिंह सोखी, सुरेन्द्र पाल सिंह,गुरदीप सिंह पुनिया, त्रिलोचन सिंह, विक्रम सिंह, अमरजीत सिंह, हरजिंदर सिह,सरवन सिंह(पुजारी),प्रदीप कच्छावाह इत्यादि उपस्थित थे।

शहीद शक्ति सिंह सैनी को बेटी इशिका व निहारिका ने दी मुखाग्नि

श्रीमाधोपुर। कस्बें के वार्ड 25 शक्ति सिंह पुत्र रतनलाल सैनी की बीमारी से मौत हो गई। शक्ति सिंह सैनी 2006 में सेना में भर्ती हुए थे। 16 अक्टूबर को वे अपने पैतृक गांव श्री माधोपुर से ड्यूटी पर गुहावटी के लिए गये। शक्ति सिंह सैनी गोहाटी के नारंगी गांव में पंचासवी बन सब एरिया के 952 टीपीपी कंपनी, ए एस सी में तैनाथ थे। लांस नायक शक्ति सिंह बीमार होने से गोहाटी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती थे। मृत्यु होने के बाद जवान का शव श्रीमााधोपुर थाना में लाया गया जहां से रैली के रूप में जयकारों के साथ सैनिक को, अमर रहे के जयकारों के साथ पार्थिव देह गांव पहुंची जहां सैनिक का पैतृक भूमि में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व तिरंगा लांस नायक के पिता रतनलाल सैनी रिटायर्ड फौजी, भाई विनोद सैनी व दोनों पुत्रियों निहारिका व इशिका को सम्मान के साथ सेना के अधिकारियों ने दिया। जब जक सूरज चांद रहेगा, शक्ति सिंह का नाम रहेगा व भारत माता की जय से गुंजायन करते हुए उनके पैतृक गांव ढ़ाणी पीपलावाली वार्ड 25 में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार से पहले सेना के जवानों ने हवा में गोलियां चलाकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पूर्व जब शहीद का शव सेना की टुकड़ी के साथ घर में पहुंचा तो उनकी पत्नी मंजू देवी का रो रो कर बुरा हाल हुआ वह बेसुध हो गई थी। वहीं माता गीता देवी का भी रो रो कर बुरा हाल था। पिता रिटायर्ड फौजी रतनलाल के आंसू भी नहीं सूख रहे थे। पूरे गांव में मातम छाया हुआ था।

शक्ति सिंह के माता व पत्नी को इसकी पूर्व में सूचना नहीं दी गई थी वह दोनों सुबह मंदिर जाने वक्त ढ़ाणी वासियों द्वारा साफ सफाई व रास्ते से टहनियों को हटाने में लगे हुए थे तब शक्ति सिंह की माता ने पूछा कि आज टहनियां कैसे काट रहे हो तो ढ़ाणी वासियों ने जवाब दिया कि दिपावली होने के काराण साफ सफाई की जा रही है। उसके बाद में वह मंदिर चली गई। अंतिम संस्कार स्थल पर पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा, उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मीकांत गुप्ता, तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत, थानाधिकारी दातार सिंह मय स्टॉफ, पूर्व सरपंच मोहनलाल सैनी सहित कई गणमान्य लोगों ने सैनिक को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्वाजंलि दी गई इस मौके पर कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी थी। जब पुत्री ईशिका व निहारिका ने अपने पिता को मुखाग्नि दी तो महौल गमहीन हो गया। सभी उपस्थित जनों के आंखों में आंसू आ गए इस पर परिजनों एवं प्रबुद्वजनों ने दोनों लड़कियों को संभाला। समाज के वीर सैनिक के देश सेवा करते हुए शहीद होने पर माली सैनी संदेश परिवार हार्दिक श्रद्वाजंलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति के साथ ही परिजनों को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता है।

समाज की क्रांतिकारी एवं अनूठी पहल

मृत्युभोज को सीमित मात्रा में करके एक लाख छात्रावास निर्माण में सहयोग

भीलवाड़ा। प्रिय समाज बंधु आप सबको यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि समाज अब रूढ़िवादी और अंधविश्वास की बेड़ियों से आजाद हो रहा है, समाज मे नयी सोच ,नयी विचारों का विकास हो रहा है ,समाज अब नहीं व्यवस्थाओं को जन्म दे रहा है, जिसमे समाज के हर तबके का विकास हो रहा है।

स्वर्गीय उदयराम माली (रागस्या) की पुनीय स्मृति मे एक लाख रूपये छात्रावास निर्माण मे सहयोग

यह सब संभव हो पा रहा है उन क्रांतिकारी विचारों एवं सकारात्मक सोच रखने वाले समाज के बंधुओं से जिन्होंने हाल ही में समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया, उन्हीं प्रयासों में आदरणीय कालूलाल, हीरालाल, भेरूलाल लाल, मदन, देवीलाल, कन्हैयालाल (चुन्नीलाल) माली रागस्या परिवार ने अपने पिता स्वर्गीय उदयराम माली रागस्या के निधन 21 नवबंर को होने पर दिनांक 2 दिसबंर को समस्त सामाजिक एवं धार्मिक कर्मकांड पूर्ण करते हुए समाज के पंच पटेलों के समक्ष मृत्युभोज को सीमित मात्रा में करते हुए हैं उन्हीं पैसों को अपने सामर्थ्य के अनुसार समाज कल्याण में लगाने के लिए रूप्ए 1,00,000 एक लाख रूपये का चैक छात्रावास निर्माण में निर्माण में उपस्थित समाज बंधुओं एवं माली युवा सेवा संस्थान के पदाधिकारियों को दिया । भीलवाड़ा माली समाज एवं माली युवा सेवा संस्थान रागस्या परिवार से मिले प्रेम, स्नेह, और सामाजिक, समर्थन के लिए मैं आपका हृदय से आभार एवं धन्यवाद करता हैं। आप के परिवार का सामाजिक कार्य हो धार्मिक कार्य हो या समाज का अन्य कोई कार्य हो आपका सहयोग हमें हमेशा मिलता रहता है। अच्छा लगता है ऐसे अच्छे समाज बंधुओं ओर परिवारों को देखकर जो बिना बोले ही आगे आकर सामाजिक विकास में अपना योगदान करते हैं। मैं समाज के बंधुओं से निवेदन करता हूं कि हमें कभी भी किसी की मदद को भुलना नहीं चाहिए, इससे हमारे अंदर अच्छे भाव आते हैं, और अच्छे काम करने की प्रेरणा मिलती है। जब एक परिवार के सकारात्मक नजरिये का उत्थान होता है तो उसके साथ सारे समाज का भी उत्थान होता है । माली युवा सेवा संस्थान की 20 वर्षो की सकारात्मक सोच का ही यह नतीजा है कि समाज हमारे किये गए प्रयासों को अपना रहा, हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समाज हमारी उस पहल का हृदय से अनुसरण करेगा ।और हमें अधिक से अधिक सहयोग प्रदान कर छात्रावास निर्माण कार्य पूर्ण कराने में हमारा सहयोग करेंगे एक बार पुन: आपकी सहायता और सहयोग के लिए आप रागस्या परिवार का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं तथा ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपके पिताजी जहां कहीं भी हो उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनका आशीर्वाद आप परिवार को हमेशा मिलता रहे।

एक सप्ताह के भीतर ही सोशल मीडिया के सहयोग से योगेश सैनी के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 10 लाख रूपए की सहायता जुटा ली

लक्ष्मणगढ़ के योगेश सैनी को कानपुर की संध्या ने व योगेश की मां ने संध्या के पति को किडनी डोनेट की

लक्ष्मणगढ़। अपने दिल में उठे दर्द से छुटकारा पाना होता तो किसी और के पैर में चुभे कांटे को निकालने की कोशिश करनी चाहिए। ये कहानी भी जिदंगी के ऊेसे ही फलसफे का बयां करती है। ये कहानी है एक मां और पत्नी के त्याग की। जिन्होंने किसी और को किडनी देकर अपने बेटे और पति की जान बचाई। इस कहानी की शुरूआत लक्ष्मणगढ़ से हुई। लक्ष्मणगढ़ निवासी 24 साल के योगेश पुत्र रतनलाल सैनी की दोनों किडनी फेल हो गई। मजदूरी करने वाले रतनलाल सैनी के लिए किडनी ट्रांसप्लांट की रकम जुटा पाना बहुत बड़ी चुनौती थी। इस पीड़ा को दैनिक भास्कर में प्रकाशित होने के बाद देश दुनिया में बसे लक्ष्मणगढ़ के लोगों ने मदद के लिए पहल की। एक सप्ताह में 10लाख रूपए एकत्रित हो गए। योगेश की मां किडनी डोनेट करने के लिए तैयार थी, लेकिन किडनी मैच नहीं हुई। कोरोना काल और लॉकडाउन के कारण दूसरा डोनर भी नहीं मिला। काफी प्रयास के बाद आखिर भगवान ने सुन ली। कानपुर के मनोज कुमार निषाद को भी किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत थी और उसकी पत्नी संध्या की किडनी मैच नहीं हो रही थी। योगेश और मनोज दोनों का ट्रीटमेंट अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल में चल रहा था। ऐसे में डॉक्टरों ने क्रांसमेचिंग की कोशि की, जो सफल रही। जांच में पता चला कि संध्या ने योगेश को और योगेश की मां संध्या के पति मनोज को किडनी दे सकती है। गुरूवार को ये क्रॉसमेचिंग ट्रांसप्लांट किया गया। योगेश के मामा फतेहपुर निवासी दिनेश सैनी ने बताया कि अहमदाबाद के सिविल हॉस्पीटल में 7 घंटे चले ऑपरेशन में क्रांसमैचिंग के लिए एक साथ 4 लोंो के ऑपरेशन किए गए। डॉक्टर के अनुसार चारों ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजमा दिया। सुबह 9 बजे सभी को एक साथ ओंटो में ले जाया गया तथा दोपहर बाद 4 बजे सभी के ऑपरेशन सफल हुए। डॉ. जमाल की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम ने लगातार 7 घंटे मेहनत कर सभी को नया जीवन दिया। मजदूरी कर परिवार को पालने वाले स्थानीय बासनी रोड़ रेलवे फाटक के पास रहने वाले मजदूर रतनलाल सैनी के इकलौते बेटे की दोनों किडनी खराब होने में इलाज के लिए आर्थिक तंगी को लेकर भास्कर ने खबर प्रकाशित की थी। युवाओं ने इस खबर को सोशल मीडिया पर वायरल किया। हर व्यक्ति अपने स्तर पर मदद के लिए जुट गया। एक सप्ताह में ही 10 लाख से अधिक की राशि एकत्रित हो गई। लॉकडाउन और डोनर नहीं मिलने से देरी जरूर हुई, लेकिन गुरूवार को योगेश को नया जीवन मिल गया।

इन्होंने बढ़ाया मदद का हाथ :

ऑल इण्डिया माली बैंक एम्लाइज एसोसिएशन, रघुनाथ सेवा समिति, श्री गोपीनाथ गणेश पूजा समिति, टेंट एसोसिएशन लक्ष्मणगढ़, विद्युत विभाग व पंचायत समिति के कर्मचारीगण, अभिभावक संघ लक्ष्मणगढ़, वार्ड नं. 23 व 15 के कार्यकर्ता, अमन वेलफेयर सोसायटी, शिव ढप मंडली सेठों की कोठी, गोसेवा रक्षक, लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषदफ महिला प्रकोष्ठ, नगर पालिका ठेकेदार एसोसिएशन सहित अन्य संगठन शामिल है। असम, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल के अलावा, दुबई, इटली, सिंगापुर, नेपाल, सऊदी अरब में रहने वाले शेखावटी के प्रवासियों ने पैसे एकत्रित कर बड़ी राशि का सहयोग किया।

माली (सैनी) समाज सेवा संस्थान की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

श्रीमती कुसुमलता परिहार अध्यक्ष एवं जगदीश देवड़ा बनें सचिव साथ ही अन्य पदाधिकारियों की भी हुई नियुक्ति

जोधपुर। 15 वर्षो से समाज सेवा को समर्पित माली सैनी समाज सेवा संस्थान की जोधपुर कार्यकारिणी की घोषणा आज महंत रामप्रसाद जी महाराज के कर कमलों से पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर की गई। संस्था के प्रदेश सचिव धमेन्द्र सिंह सांखला ने बताया कि आज जोधपुर जिले के अध्यक्ष पद पर श्रीमती कुसुमलता परिहार को मनोनित किया गया। श्रीमती कुसुमलता वर्षो से समाजसेवा से जुड़ी हुई है आप लॉयस क्लब में विभिन्न पदों पर रह कर सामाजिक सरोकार के सेवा कार्य कर रही है इसके साथ ही श्रीमती रेखा परिहार को वरि. उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। जगदीश देवड़ा को जिला सचिव मनोनित किया गया है जगदीश देवड़ा प्रेस फोटोग्राफर है तथा वर्षो से विभिन्न सामाजिक आयोजनों में अपनी नि:स्वार्थ सेवाओं के साथ ही पूंजला नाड़ी में सघन वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे है। साथ ही रामेश्वर गहलोत को प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं सोशल मिडिया पर समाज के सक्रिय युवा बावड़ी के इमरत भाटी को प्रदेश मिडिया प्रभारी और युवा समाज सेवी अरविंद कच्छवाहा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। इनके मनोनयन पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गहलोत ने बधाई देते हुए विष्वास व्यक्त किया कि सभी सामाजिक सरोकार के सेवा कार्यो से समाज के सभी वर्गो को लाभान्वित करने का कार्य करेगें। साथ ही आगामी 3 जनवरी, 21 को देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की 190वीं जयंति पर जिले की महिला शिक्षिकाओं के सम्मान समारोह से जोधपुर में सेवा कार्य का शुभारंभ करेंगे। महंत रामप्रसाद जी महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए पदाधिकारियों से कहा कि सामाजिक सेवा के कार्यो का करना चुनोतीपूर्ण कार्य है विशेषकर महिला द्वारा यह जिम्मेदारी लेना और भी महत्वपूर्ण है महंत रामप्रसाद जी ने सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। प्रदेश सचिव धमेन्द्र सिंह सांखला ने सभी को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। समाज की युवा समाजसेवी श्रीमती वंदना परिहार को संस्था का उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। इसके साथ ही विश्व रिकॉर्ड धारी योगाचार्य श्याम भाटी को संस्था का कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा आयुर्वेद डॉक्टर जितेन्द्र कुमार सोलंकी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही कार्यकारिणी में सह सचिव के पद पर प्रेमजीत परिहार, और युवा अधिवक्ता सुभाष परिहार को सह कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में स्वास्थय सेवाएं दे रहे अर्जुनसिंह गहलोत और डॉ. मोहनीश गहलोत का मनोनयन किया गया।

राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से समाज को गौरवान्वित करने वाली ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी

भाग्यश्री सैनी

झुंझुनू के खेतड़ी नगर में जन्मीं समाज की होनहार बेटी भाग्यश्री सैनी ने अपनी पढ़ाई खेतड़ी नगर झुंझुनू में पूरी की, उन्होंने 18 साल में अपना ग्रेजुएशन पूरा कर लिया, ग्रेजुएशन के दौरान उन्होंने एनसीसी आर्मड विंग ज्वाइन किया एनसीसी में वह उच्चतम पद 'सीनियर अंडर ऑफिसर' रही और अनेक पुरस्कार प्राप्त किए, एनसीसी में वह बेस्ट कैडेट, बेस्ट एंकर का अवार्ड प्राप्त कर चुकी हैं इन्हें एनसीसी में 'नेशनल इंटीग्रेशन कैंप' देहरादून व नेशनल इंटीग्रेशन कैंप हैदराबाद में बेस्ट एंकर का अवार्ड प्राप्त हुआ है इन्होंने एनसीसी में सी सर्टिफिकेट व बी सर्टिफिकेट में "A" grade प्राप्त किया है,

अपने एनसीसी के दिनों में वह 'नेशनल इंटीग्रेशन कैंप देहरादून वह हैदराबाद में बेस्ट डांसर का अवार्ड भी जीत चुकी है' भाग्यश्री सैनी ने अपने पढ़ाई में बीएससी के बाद, मास्टर्स इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एनजीओ मैनेजमेंट, पूरा किया व इसके अलावा 'स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी' से विमेन हेल्थ में सर्टिफाइड है ये 'हावर्ड यूनिवर्सिटी' से चाइल्ड राइट्स व इंटरनेशनल लॉ में सर्टिफाइड है, व 'यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया' से ग्मदकमतंदकै मगनंसपजल रूठज्फ ब्वउउनदपजल में सर्टिफाइड है।

वर्तमान में भाग्यश्री अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर लेखिका व ब्लॉगर हैं जिसमें यूनिसेफ, इंटरनेशनल यूथ जनरल, विमेन वेब, यूथ की आवाज, स्टोरी मिरर, PENTHERE, Indian Periodical, Sahitalya पर महिलाओं एवं बालिकाओं व उनसे संबंधित मुद्दों पर जागरूकता हेतु लिखती है।

अपने सामाजिक कामों में ये स्कूल छोड़ चुकी व बाल विवाह से ग्रसित बालिकाओं की शिक्षा के उन्हें सशक्त करने के लिए PRATHAM से जुड़ी है इसके अलावा राजस्थान में सिलिकोसिस की समस्या पर यह अध्ययन कर रही है वह उसके लिए इन्होंने भीलवाड़ा के सिलिकोसिस ग्रसित गांव भ्रमण किए है।

भाग्यश्री ष्नेशनल यूथ काउंसिल ऑफ इंडिया में विमेन एंड चाइल्ड विंग प्रेसिडेंट, मासूम बचपन फाउंडेशन में राष्ट्रीय सचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही है जिसमें हाल ही में पूरे राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों में नेशनल यूथ काउंसिल अश्वफ इंडिया के बैनर तले नितिन माथुर के सहयोग से महिलाओं व लड़कियों को सभी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ सशक्त करने एवं उनकी मदद करने के लिए '**चिट्ठियां अभियान**' का शुभारंभ किया है ताकि सबको उनकी आवाज का महत्व और अपने लिए लड़ने के लिए सशक्त बनाया जा सके। इन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बीएन पटेल इंस्टिट्यूट वडोदरा द्वारा '**विमेन अचीवर्स अवार्ड**' द्वारा सम्मानित किया गया था।

ये स्वयं बाल विवाह की सर्वाइवर रही है और इस सामाजिक कुरीति को खत्म करने के लिए इन्होंने 11 साल इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने इसी साहस के लिए इन्हें नॉर्थ अमेरिका की मैगजीन Global Heroes में हाल ही में फीचर किया गया इसी प्रकार से "Say It Forward" कनाडा में इन्हें फीचर किया गया व UK की मैगजीन Women Being में इनकी कहानी को फीचर किया गया।

इनके पिता जी श्री बनवारी लाल सैनी एवं इनकी माताजी श्रीमती सरला सैनी भी सामाजिक कार्यकर्ता है वह महिलाओं व वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्यरत है उनके द्वारा 2013 से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का संचालन जिला भर में किया गया एवं वर्तमान में मानसिक विमंदित लोगों के लिए कार्यरत है इनके सराहनीय कार्यों के लिए इन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनकी बहन डॉक्टर इंदु सैनी ''**आहार विशेषज्ञ**'' है। इनके भाई राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है। अपनी सभी उपलब्धियों का श्रेय मैं अपनी बहन डॉक्टर इंदु को देती हूं जिन्होंने हमेशा मुझे बेहतर करने को प्रेरित किया।

28वें
जन्मदिवस पर
विशेष :

समाज गौरव

नवदीप सैनी

भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य एवं दुनियां के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक

क्या आप जानते है ...

जब नवदीप सैनी के कारण उनकी मां को करनी पड़ती थी बैटिंग...

नवदीप सैनी को अपनी गेंदों से मिट्टी के बर्तनों को तोड़ने में आता था मजा। गेंदबाजी प्रैक्टिस के लिए मां को बना देते थे बैट्समैन। साड़ी पहनकर क्रिकेट खेलना मुश्किल है और अगर हाथ में क्रिकेट बैट की जगह बर्तन हो तब तो नामुमकिन है। लेकिन नवदीप सैनी ने इसे संभव किया है। आपको आश्चर्य हो रहा होगा कि नवदीप सैनी का साड़ी पहनकर और हाथ में बर्तन पकड़कर क्रिकेट खेलने से क्या संबंध। तो आपको बता दें कि हम नवदीप सैनी नहीं उनकी मां की बात कर रहे हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी२० डेब्यू करने वाले नवदीप सैनी ने अपनी तेजी से बल्लेबाजों को खूब छकाया। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि नवदीप सैनी ने जब पहली बार गेंदबाजी की थी तो बल्लेबाज के तौर पर उनके सामने उनकी मां थी।

सैनी के घर में होता था मिट्टी के बर्तनों का ढेर

सैनी की मां को तब तक यही पता था कि बर्तनों का इस्तेमाल सिर्फ किचेन में ही होता है। लेकिन नवदीप सैनी के कारण उनकी मां को बर्तनों का इस्तेमाल बैट के रूप में करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नवदीप सैनी हरियाणा के करनाल जिले में स्थित तरौरी कस्बे के एक गांव में जन्में और वहीं पले बढ़े। इस स्थान एक क्रिकेट ट्रेनिंग के लिए कोई आधारभूत ढांचा उपलब्ध नहीं है। यहां के लोग खेती, फैमली बिजनेस और सरकारी नौकरियों पर निर्भर हैं। शायद इसीलिए नवदीप सैनी को मजबूरन अपनी मां को ही बल्लेबाज के रूप में खड़ा कर गेंदबाजी करनी पड़ी।

सैनी को उनके पिता से मिला पूरा सहयोग

नवदीप के पिता हरियाणा रोडवेज में ड्राइवर थे और दिन के अधिकतर समय अपनी ड्यूटी पर रहते। सैनी के बड़े भाई विदेश में सेटल होने के लिए प्रयास करने में व्यस्त थे। नवदीप सैनी का कोई ऐसा साथी नहीं था जिसके साथ वह क्रिकेट खेल सकते थे। जब उनकी मां भी मना कर देती थीं तो सैनी मिट्टी के कुछ बर्तनों को सजाकर विकेट बनाते थे और उसी पर गेंदबाजी का अभ्यास करते। गेंद लगने से मिट्टी के बर्तन टूट जाते थे और उनके टुकड़े यहां वहां बिखर जाते। बर्तन के टुकड़े जीतनी दूर तक बिखरते, सैनी को उतना ही मजा आता। क्योंकि यह इस बात का संकेत होता था कि सैनी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं।

मिट्टी के बर्तनों को तोड़ने में आता था मजा

अपने छोटे बेटे का गेंदबाजी के प्रति यह जुनून देखकर सैनी के पिता अमरजीत सैनी ने अपने घर में मिट्टी के बर्तनों का ढेर लगा दिया। अगर सैनी दो तोड़ते तो उनके पिता चार खरीद लाते। बर्तनों की संख्या बढ़ती गई और इसके साथ ही नवदीप सैनी के गेंदों की तेजी भी। दृढ़ निश्चय और गेंदबाजी के प्रति अथाह जुनून ने सैनी के सामने की सारे बाधाएं हटा दीं। गेंदबाजी नवदीप सैनी की लत बन गई। जब सैनी ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टी२० मैच में शिमरोन हेटमायर का विकेट उखाड़ा तो उनकी आखों में वही पुरानी चमक दिखाई दी जो चमक मिट्टी के बर्तनों को गेंद मारकर फोड़ने के बाद दिखाई देती थी।

नव वर्ष २०२१ के कलैण्डर को प्राप्त करें

आप सभी को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति माली सैनी संदेश द्वारा नव वर्ष 2021 का मल्टी कलर कलैण्डर का प्रकाशन समाज के विज्ञापन दाताओं के सहयोग से किया गया है। यह कैलेण्डर संपूर्ण भारत में समाज के सभी वर्गों को उपलब्ध करवाया जाता है कलैण्डर जोधपुर के अलावा, पाली, जालोर, भीनमाल, तिंवरी, पीपाड़, नागौर, जयपुर, बालोतरा, सिरोही चैनई, बैंगलोर, मुंबई सहित देश भर में निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। आप कलैण्डर कहां से प्राप्त कर सकते है इसके लिए हमारी वेबसाईट : www.malisainisandesh.com पर लॉग ऑन कर संपर्क सूत्र की जानकारी ले सकते है।

सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

महात्मा ज्योति बा फूले

